पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिले राजस्थान के राज्यपाल श्री कल्याण सिंह</u>

लखनऊः 3 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल श्री कल्याण सिंह ने भेंट कर नववर्ष की बधाई दी। श्री कल्याण सिंह के साथ उनके पुत्र सांसद श्री राजवीर सिंह, पौत्र संदीप सिंह भी उपस्थित थे। श्री नाईक ने एक साथ परिवार की तीन पीढ़ी देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री कल्याण सिंह को उनके जन्म दिन की अग्रिम बधाई भी दी।

राज्यपाल ने श्री कल्याण सिंह को बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा सुचारू रूप से कक्षाएं चलाने को लेकर गंभीरता से प्रयास किये जा रहे हैं। गत वर्ष से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में दीक्षान्त समारोह का आयोजन समय से हो रहा है। 9 जनवरी को सभी राज्य विश्वविद्यालय के कुलपतियों का सम्मेलन पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि दीक्षान्त समारोह में पूर्व में प्रचलित वेश भूषा को लेकर सभी विश्वविद्यालय में बदलाव किया गया है। राजस्थान के राज्यपाल ने भी अपने द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों का जिक्र किया।

श्री नाईक ने राजस्थान के राज्यपाल को 'उत्तर प्रदेश राजभवन के पक्षी' व 'उत्तर प्रदेश के पक्षी' नामक दो पुस्तकें भेंट के रूप में दीं। श्री कल्याण सिंह ने भी श्री नाईक को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया